प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

एग्रीटेक इन्नोवेशन एण्ड स्टार्टअप मीट का आयोजन

पन्तनगर। 24 जून, 2024। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में शोध निदेशालय एवं स्टार्टअप इन्कूवेशन एण्ड इन्नोवेशन सेन्टर, आई.आई.टी., कानपुर के संयुक्त रूप से आज विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के डा. वी.पी.एस. अरोरा सभागार में 'एग्रीटेक इन्नोवेशन एण्ड स्टार्टअप मीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. अमिता जोशी उपमहाप्रबंधक, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंट कॉउन्सिल (बाईरैक), नई दिल्ली; प्रो. अमिताभ बंदोपाध्याय प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, बीएसबीई विभाग तथा सह–प्राध्यापक–प्रभारी, स्टार्टअप इन्कूवेशन एण्ड इन्नोवेशन सेन्टर, आई.आई.टी., कानपुर; डा. आर.एस. जादौन अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय; डा. ए.एस. नैन निदेशक शोध; डा. धीरेन्द्र सिंह एवं डा. अनिल कुमार संयुक्त निदेशक शोध मंचासीन थे।

डा. ए.एस. नैन ने कार्यक्रम की रूप–रेखा के बारे में सभी को अवगत कराया तथा विश्वविद्यालय के जीरो टील, खैरा नियंत्रण के लिए की गयी खोजों तथा विश्वविद्यालय द्वारा 354 विकसित प्रजातियों एवं अन्य तकनीकों के बारे में प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस डा. सामन्तरे ने स्ट्राईड स्टार्टअप के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। डा. रवि मोहन द्वारा स्टार्टअप तथा व्यवसाय के अंतर के बारे में विवेचना की। इस अवसर पर प्रो. अभिताभ बंदोपाध्याय ने बताया कि यह पहला कार्यक्रम होगा जो विश्वविद्यालय और आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर नवाचार को बढ़ावा देगा। उन्होंने एग्रीटेक स्टार्टअप के लिए एक तंत्र बनाने की बात कही। डा. जादौन ने स्टार्टअप से संबंधित मूलभूत बिन्दुओं पर प्रकाश डाला तथा विश्वविद्यालय में स्टार्टअप से संबंधित एग्रीटेक इनोवेशन स्टार्टअप एजेंसियां, पन्त विजन पार्क, स्ट्राईड, आईआईसी के बारे में बताया।

डा. अमिता जोशी द्वारा 'कृषि प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने में बाईरैक की भूमिका' तथा सुश्री सास्वती मुखर्जी, मैनेजर मार्केटिंग एण्ड कम्यूनिकेशन सीसीएस एन.आई.ए.एम. द्वारा 'आरकेवीवाई रफ्तार एग्री–बिजनेस इनक्यूबेटर के तहत कृषि उद्यमिता के अवसर' पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर के इनोवेटर्स, श्री अक्षय श्रीवास्तव ने एलसीबी फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री निक्की झा ने सप्तकृषि साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड, श्री आशुतोष यादव ने ईस्निफ डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड, श्री राजीव मण्डल ने आरोग्यम मेडिसॉफ्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, श्री सम्राट कौशिक ने समक टैक्नोलाजिस प्राइवेट लिमिटेड, श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्टील्सवेब टैक्नोलाजिस प्राइवेट लिमिटेड के बारे में अपनी प्रस्तुतियां दीं। विश्वविद्यालय के स्ट्राईडस इनोवेटर्स द्वारा श्री मनीष त्रिपाठी ने फालकन इन्फो प्राइवेट लिमिटेड, श्री सागर नाथ ने शुन्या इण्डिया लिमिटेड, ऋषिकेश/हल्द्वानी, श्री नमीता बिष्ट ने मैस्टीक माउन्टेन, उत्तराखण्ड, श्री हरेन्द्र सिंह ने रियात इको फार्मस प्राइवेट लिमिटेड, नानकमत्ता एवं सुश्री बिन्दु वासिनी ने दक्ष इंटरप्राइजेज, किच्छा के बारे में अपनी प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. धीरेन्द्र सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अन्त में डा. अनिल कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में खटीमा से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी। कार्यक्रम में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल; अधिष्ठाता मत्स्य डा. अवधेश कुमार; कार्यवाहक अधिष्ठाता कृषि डा. एम.एस. पाल; डा. आशुतोष सिंह, डा. मुकेश पाण्डे, डा. प्रमोद मल्ल, शोध निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

1. कार्यक्रम में मंचासीन अधिकारी एवं उद्यमी।

निदेशक संचार